# BPSC TRE 3.0 Hindi Question and Answer - 27 March

**Directions (1-50) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

**Q1.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में दिये गये शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?
(a) वसन, सरोज
(b) अरण्य, विपिन
(c) तड़ित, पट
(d) भुजंग, कुंतल

**Q2.** 'अन्तेवासी', किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होगा?
(a) अंत तक रहने वाला
(b) गुरु के समीप रहने वाला शिष्य
(c) अन्य स्थान पर रहने वाला
(d) किसी विद्या को अंत तक पढ़ने वाला

**Q3.** 'जिसके पास कुछ न हो', वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है-
(a) धनेच्छु
(b) अकिंचन
(c) जिगीषा
(d) तितीर्षा

**Q4.** 'तिरस्कृत' का सही संधि-विच्छेद है -
(a) तीर + कृत
(b) तिर + सकृत
(c) तिरः + कृत
(d) तीरः + कृत

**Q5.** निम्नलिखित में से सही संधियुक्त शब्द कौन सा है?
(a) अकिंचन = अकिन + चन
(b) यशोभिलाषा = यश: + अभिलाषा
(c) अहंकार = अहन + कार
(d) वयोवृद्ध = वयो + वृद्ध

**Q6.** इनमें से किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' प्रयुक्त हुई है?
(a) लड़का पढ़ रहा है
(b) राधा नाच रही है
(c) अंकित टीवी देख रहा है
(d) राधा नाचती है

**Q7.** 'पाप', 'पातक' किस शब्द के अनेकार्थी हैं:
(a) अघट
(b) अग्रिम
(c) अघ
(d) अचर

**Q8.** निम्नलिखित में से किस सामासिक शब्द का विग्रह सही है?
(a) चतुर्भुज = चार हैं भुजाएँ जिसकी
(b) पंचमणि = बहुमूल्य मणि
(c) पथभ्रष्ट = पथ के लिए भ्रष्ट
(d) महादेव = सबसे बड़ा देव

**Q9.** 'रामचन्द्रिका' के रचनाकार हैं-
(a) भूषण
(b) केशवदास
(c) रहीम
(d) हरिऔध

**Q10.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में विशेषण प्रयुक्त हुआ है?
(a) टोकरी में मीठे संतरे हैं
(b) वह गुलाब के फुल लाया है
(c) गुलाब के फुल मुझे पसंद हैं
(d) लड़का आया है

**Q11.** 'क्षणप्रभा' का पर्यायवाची शब्द है-
(a) योगमाया
(b) बिजली
(c) उषा
(d) किरण

**Q12.** 'आधी रात का समय' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए-
(a) अक्षय
(b) रिक्थ
(c) गोधुली
(d) निशीथ

**Q13.** निम्नलिखित में से किस युग्म में तस्तम शब्द के तदभव रूप का सही मिलान नहीं है?
(a) आम्र – आम
(b) ऊर्ण – ऊन
(c) ग्रंथि -ग्रंथ
(d) कंकण – कंगन

**Q14.** 'रामायण' का संधि विच्छेद है-
(a) राम: + अयन
(b) राम + अयन
(c) राम + आयण
(d) रामा + यन्

**Q15.** हिंदी की विशिष्ट बोली 'बृजभाषा' किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है?
(a) राजभाषा
(b) तकनीकी भाषा
(c) राष्ट्रभाषा
(d) काव्यभाषा

**Q16.** शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(a) तरुछाया
(b) तरुच्छाया
(c) तरुसाया
(d) तरुच्चाया

**Q17.** 'स्वर्ण' शब्द का विशेषण रूप है-
(a) स्वर्णि
(b) स्वर्णय
(c) स्वर्णिम
(d) स्वर्णीय

**Q18.** निम्नलिखित में से ओष्ठ ध्वनि है?
(a) ल्
(b) फ्
(c) स्
(d) र्

**Q19.** 'सुत' शब्द को स्त्रीलिंग बनाने के लिए किस प्रत्यय का प्रयोग किया जाएगा?
(a) आ
(b) ई
(c) ईय
(d) इक

**Q20.** 'चिकना घड़ा होना' का अर्थ है-
(a) चिकना होना
(b) समृद्ध होना
(c) निर्लज्ज होना
(d) भयभीत होना

**Q21.** 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) क्रोधित होना
(b) गाली देना
(c) डींग हाँकना
(d) पिटाई करना

**Q22.** 'क्षणिक' का विलोम शब्द है-
(a) स्थावर
(b) स्थिर
(c) शाश्वत
(d) दीर्घ

**Q23.** निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण कौन सा है-
(a) लेनदेन
(b) यथाशक्ति
(c) नीलकंठ
(d) नवरत्न

**Q24.** निम्नलिखित में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए-
(a) अँधेरा
(b) अर्पण
(c) अधर्म
(d) अमृत

**Q25.** निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण संयुक्त व्यंजन नहीं है?
(a) श
(b) त्र
(c) ज्ञ
(d) क्ष

**Q26.** 'ऐसा रोग जिसका उपचार संभव न हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए-
(a) अरोगी
(b) अतिरोगी
(c) असाध्य
(d) विरोगी

**Q27.** नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द 'अमृत' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) सुधा
(b) पीयूष
(c) वारि
(d) अमिय

**Q28.** निम्नलिखित शब्दों में से द्वंद्व समास किस शब्द में है?
(a) धड़ाधड़
(b) कलाप्रवीन
(c) पाप-पुण्य
(d) त्रिभुवन

**Q29.** निम्नलिखित में से कौन सा तद्भव शब्द है?
(a) पंख
(b) पृष्ठ
(c) लज्जा
(d) शिला

**Q30.** 'अध: + गति = अधोगति' किस संधि का उदाहरण है?
(a) विसर्ग संधि
(b) गुण संधि
(c) व्यंजन संधि
(d) स्वर संधि

**Q31.** अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
(a) अनभिज्ञ
(b) अनुग्रहित
(c) अकृत्रिम
(d) आध्यात्मिक

**Q32.** निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द है-
(a) सरपंच
(b) प्रपंच
(c) पाँचवाँ
(d) पहुँच

**Q33.** 'अवनत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(a) नत
(b) अव
(c) अ
(d) अवन

**Q34.** 'छिद्रान्वेषी' शब्द के लिए अर्थ की दृष्टि से उपयुक्त वाक्यांश का चयन कीजिए।
(a) जिसको व्यवहार मैं न लाया गया हो
(b) जिसके पास कुछ न हो
(c) जो धन को अत्यधिक कंजूसी से खर्च करता हो
(d) दूसरो के केवल दोषों को खोजने वाला

**Q35.** 'पेट में दाढ़ी होना' मुहावरे का अर्थ है -
(a) छोटी उम्र में ही बुद्धिमान होना
(b) वस्तु का सही स्थान पर न होना
(c) अप्राकृतिक व्यवहार होना
(d) भेद न लगने देता

**Q36.**'सापेक्ष' का विलोम शब्द क्या है?
(a) निरपेक्ष
(b) निष्पक्ष
(c) असापेक्ष
(d) आपेक्ष

**Q37.** निम्न में से कौन सा शब्द 'समुद्र' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) पयोधि
(b) कुम्भी
(c) वारिधि
(d) जलधि

**Q38.** 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) अत्यधिक परिश्रम करना
(b) साधारण सी बात को बढ़ा-चढ़ा कर बताना
(c) कही हुई बात से मुकर जाना
(d) बुरी तरह परास्त करना

**Q39.**'कमलनयन' में कौन सा समास है?
(a) कर्मधारय समास
(b) द्वंद्व समास
(c) द्विगु समास
(d) तत्पुरुष समास

**Q40.** 'सदाचार' शब्द में कौन सी संधि है?
(a) यण संधि
(b) विसर्ग संधि
(c) व्यंजन संधि
(d) अयादि संधि

**Q41.**निम्न में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?
(a) उत्तीर्ण
(b) आपत्ति
(c) विशिष्ठ
(d) मिथिला

**Q42.** निम्न में से कौन सा वर्ण उष्म व्यंजन नहीं है?
(a) श
(b) ल
(c) ह
(d) स

**Q43.** 'राष्ट्रीय' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(a) ईय
(b) आई
(c) अय
(d) आय

**Q44.** निम्न में से कौन सा एक स्त्रीलिंग शब्द है?
(a) प्रतियोगिता
(b) शिलान्यास
(c) विवाद
(d) बहुमत

**Q45.** 'अनन्त' शब्द का संधि विच्छेद है-
(a) अन + अंत
(b) अन् + अन्त
(c) अ + नंत
(d) अन् + नत

**Q46.** 'निशाचर' शब्द में निम्नलिखित में से कौन सा समास है?
(a) कर्मधारय
(b) अव्ययीभाव
(c) तत्पुरुष
(d) बहुव्रीहि

**Q47.** निम्नलिखित में से 'घोटक' का तद्भव रूप क्या है?
(a) हय
(b) अश्व
(c) घोड़ा
(d) तुरंग

**Q48.** हिंदी वर्णमाला में 'अयोगवाह' वर्ण कौन-से हैं?
(a) अ, आ
(b) इ, ई
(c) उ, ऊ
(d) अं, अ:

**Q49.** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।
(a) उज्वल
(b) उज्जवल
(c) उज्ज्वल
(d) ऊज्ज्वल

**Q50.** निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा कौन-सी है?
(a) गुरु
(b) मनुष्य
(c) वीर
(d) शत्रुता

## Solutions

**S1. Ans.(b)**
**Sol.** 'अरण्य', विपिन, 'वन' के पर्यायवाची हैं।

**S2. Ans.(b)**
**Sol.** 'अन्तेवासी'- गुरु के समीप रहने वाला शिष्य।

**S3. Ans.(b)**
**Sol.** अकिंचन -जिसके पास कुछ न हो। तितीर्षा -तैर कर पार जाने की इच्छा। जिगीषा – जितने, दमन करने की इच्छा। धनेच्छु – धन की इच्छा रखने वाला।

**S4. Ans.(c)**
**Sol.** सही संधि विच्छेद इस प्रकार हैं, तिरस्कृत= तिरः + कृत।

**S5. Ans.(b)**
**Sol.** सही संधि विच्छेद इस प्रकार हैं, अहंकार = अहम् + कार। अकिंचन = अकिम् + चन। वयोवृद्ध = वय: + वृद्ध। यशोभिलाषा = यश: + अभिलाषा।

**S6. Ans.(d)**
**Sol.** अकर्मक क्रिया – अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता है तथा उसका फल कर्ता पर पड़ता है या वह क्रिया जिनको करने के लिए कर्म की आवश्यकता नहीं होती, अकर्मक क्रिया कहलाती है। ।

**S7. Ans.(c)**
**Sol.** 'पाप', 'पातक', 'अघ' शब्द के अनेकार्थी हैं। अघ का अर्थ है -पापी, दुष्ट, नीच, खराब।

**S8. Ans.(a)**
**Sol.** 'चतुर्भुज = चार हैं भुजाएँ जिसकी', इसमें सामासिक शब्द का विग्रह सही है।

**S9. Ans.(b)**
**Sol.** 'रामचन्द्रिका' के रचनाकार हैं- केशवदास।

**S10. Ans.(a)**
**Sol.** 'टोकरी में मीठे संतरे हैं' वाक्य में विशेषण का प्रयोग हुआ है।

**S11. Ans.(b)**
**Sol.** 'क्षणप्रभा' बिजली का पर्यायवाची शब्द है। बिजली के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- चंचला, चपला, विद्युत, सौदामिनी, दामिनी, तड़ित आदि।

**S12. Ans.(d)**
**Sol.** 'आधी रात का समय' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है – 'निशीथ'।

**S13. Ans.(c)**
**Sol.** तत्सम शब्द 'ग्रंथि' का तद्भव रूप 'गाँठ' है।

**S14. Ans.(b)**
**Sol.** 'रामायण' का संधि विच्छेद है- राम + अयन।

**S15. Ans.(d)**
**Sol.** हिंदी की विशिष्ट बोली 'बृजभाषा' काव्यभाषा के रूप में अधिक प्रसिद्ध है।

**S16. Ans.(b)**
**Sol.** शुद्ध वर्तनी है- तरुच्छाया।

**S17. Ans.(c)**
**Sol.** 'स्वर्ण' शब्द का विशेषण रूप है- स्वर्णिम।

**S18. Ans.(b)**
**Sol.** 'फ्' एक ओष्ठ ध्वनि है।

**S19. Ans.(a)**
**Sol.** 'सुत' शब्द को स्त्रीलिंग बनाने के लिए 'आ' प्रत्यय का प्रयोग किया जाएगा। जिससे 'सुता शब्द बनेगा जिसका अर्थ है पुत्री, बेटी, आत्मजा।

**S20. Ans.(c)**
**Sol.** 'चिकना घड़ा होना' का अर्थ है- निर्लज्ज होना।

**S21. Ans.(c)**
**Sol.** 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ है- डींग हाँकना।

**S22. Ans.(c)**
**Sol.** 'क्षणिक' का विलोम शब्द है- शाश्वत।

**S23. Ans.(d)**
**Sol.** 'नवरत्न' द्विगु समास का उदाहरण है।

**S24. Ans.(a)**
**Sol.** 'अँधेरा' एक तद्भव शब्द है, अन्य सभी तत्सम शब्द हैं।

**S25. Ans.(a)**
**Sol.** 'श' संयुक्त व्यंजन नहीं है, अन्य सभी संयुक्त व्यंजन हैं। हिंदी में संयुक्त व्यंजनों की संख्या चार है अर्थात- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र।

**S26. Ans.(c)**
**Sol.** 'ऐसा रोग जिसका उपचार संभव न हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है- 'असाध्य'।

**S27. Ans.(c)**
**Sol.** 'अमृत' के पर्यायवाची शब्द हैं - सुधा, पियूष, अमिय। वारि के पर्यायवाची शब्द हैं – जल, पानी।

**S28. Ans.(c)**
**Sol.** **द्वंद्व** समास, पाप-पुण्य में है। द्वंद्व समास: जिस समस्त- पद में दोनों पद प्रधान हों तथा विग्रह करने पर 'और', 'अथवा', 'या', 'एवं' लगता हो वह **द्वंद्व** समास कहलाता है। पाप और पुण्य = पाप-पुण्य।

**S29. Ans.(a)**
**Sol.** 'पंख' एक तद्भव शब्द है। अन्य सभी शब्द तत्सम शब्द हैं।

**S30. Ans.(a)**
**Sol.** अध: + गति = अधोगति, विसर्ग संधि का उदाहरण है। विसर्ग-संधि: विसर्ग के बाद स्वर या व्यंजन आने पर विसर्ग जो विकार होता है, उसे विसर्ग-संधि कहते हैं, जैसे नि: + आहार = निराहार।

**S31. Ans.(b)**
**Sol.** शब्द की शुद्ध वर्तनी है- 'अनुगृहीत'।

**S32. Ans.(c)**
**Sol.** 'पाँचवाँ' एक विशेषण शब्द है।

**S33. Ans.(b)**
**Sol.** 'अवनत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग 'अव' है।

**S34. Ans.(d)**
**Sol.** छिद्रान्वेषी- दूसरो के केवल दोषौं को खोजने वाला।

**S35. Ans.(a)** Sol. 'पेट में दाढ़ी होना' का अर्थ है - छोटी उम्र में ही बुद्धिमान होना।

**S36. Ans.(a)**
**Sol.** 'सापेक्ष' का विलोम शब्द निरपेक्ष है।

**S37. Ans.(b)**
**Sol.** 'कुम्भी' हाथी का पर्यायवाची शब्द है। अन्य तीनों समुद्र के पर्यायवाची शब्द हैं।

**S38. Ans.(b)**
**Sol.** 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ है- साधारण सी बात को बढ़ा-चढ़ा कर बताना।

**S39. Ans.(a)**
**Sol.** 'कमलनयन' में कर्मधारय समास है।

**S40. Ans.(c)**
**Sol.** 'सदाचार' शब्द में व्यंजन संधि है।

**S41. Ans.(c)**
**Sol.** शब्द की शुद्ध वर्तनी है- 'विशिष्ट'।

**S42. Ans.(b)**
**Sol.** 'ल' एक अन्त:स्थ व्यंजन है। अन्य तीनों वर्ण उष्म व्यंजन हैं।

**S43. Ans.(a)**
**Sol.** 'राष्ट्रीय' शब्द में 'ईय' प्रत्यय है।

**S44. Ans.(a)**
**Sol.** 'प्रतियोगिता' एक स्त्रीलिंग शब्द है।

**S45. Ans.(b)** Sol. 'अनन्त' शब्द का संधि विच्छेद है- 'अन् + अन्त'।

**S46. Ans.(d)**

**Sol.** 'निशाचर' शब्द में 'बहुब्रीहि समास' है। बहुब्रीहि समास- वह समास जिसमें दोनों पद अप्रधान हों तथा दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं, उसमें 'बहुब्रीहि समास' होता है। जैसे - निशाचर - निशा में विचरण करने वाला अर्थात 'राक्षस'। नीलकण्ठ - नीला है कण्ठ जिसका अर्थात 'शिव'। लम्बोदर - लम्बा है उदर जिसका अर्थात 'गणेश'।

**S47. Ans.(c)**

**Sol.** 'घोटक' का तद्भव रूप 'घोड़ा' है।

**S48. Ans.(d)**

**Sol.** हिंदी वर्णमाला में 'अयोगवाह' वर्ण 'अं, अ:' हैं।

**S49. Ans.(c)**

**Sol.** शुद्ध वर्तनी है- उज्ज्वल।

**S50. Ans.(d)**

**Sol.** 'शत्रुता' भाववाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा शब्द से पदार्थों की अवस्था, गुण-दोष, भाव या दशा, धर्म आदि का बोध हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। यथा- बुढ़ापा, मिठास, बचपन, मोटापा, चढ़ाई, थकावट इत्यादि।

Adda247